■ अमरावती ■ सोमवार, 23 दिसम्बर 2024 ■ अमरावती, नागपुर, अकोला, यवतमाल, बुलढाणा, वाशिम व वर्धा का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक ■ अंक - 322 ■ वर्ष - 31 ■ पृष्ठ - 16 ■ मूल्य - 6.00 रु. डाक पंजीयन ATI/RNP/052/2015-2017/आर. एन.आई. क्र. 63271/94

# प्रतिदिन अखबार

31 वां गौरवशाली वर्ष










# अब स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारी

## सीएम फडणवीस बोले- 3 माह में इलेक्शन कराने की कोशिश, पदाधिकारी हो जाएं तैयार

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**मुंबई, 22 दिसंबर** - विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी ने स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है. दिलचस्प बात यह है कि पिछले तीन साल से राज्य में कई चुनाव रुके हुए हैं और राजनीतिक दल 22 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं की सुनवाई का इंतजार कर रहे हैं. हालांकि, सुनवाई 4 जनवरी को ही होने की संभावना है और मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने ये कहकर इन चुनावों को लेकर संकेत दे दिए हैं कि तीन महीने के अंदर चुनाव कराने की कोशिश है.

नागपुर में बीजेपी कार्यकताओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में फड़णवीस ने अपने 'मन की बात' पेश की. इस कार्यक्रम में विधान परिषद के सभापति प्रो राम शिंदे, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, सचिव अरविंद मेनन, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, मंत्री पंकजा मुंडे, रणधीर सावरकर, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय भेंडे, एडवोकेट धर्मपाल मेश्राम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे. इस दौरान फडणवीस ने कहा कि विधानसभा में जीत से कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और बीजेपी के लिए 'अनुकूल' माहौल बना है. इसीलिए पार्टी ने इसका फायदा उठाकर स्थानीय स्वशासन चुनाव में जीत की योजना बनानी शुरू कर दी है.



**सदस्यता पंजीकरण पर ध्यान दें :** सीएम ने कहा कि नवनियुक्त मंत्रियों और विधायकों की उपस्थिति में नागपुर में कार्यकताओं के लिए सदस्यता पंजीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है.फडणवीस ने कहा कि यदि आप स्थानीय निकायों में जीतना चाहते हैं तो आपको कुछ दिनों में सदस्यता पंजीकरण पर ध्यान देना होगा. प्रदेश में डेढ़ करोड़ सदस्यता दर्ज की जाये. प्रत्येक बूथ पर 150 सदस्यों के पंजीकरण का लक्ष्य होना चाहिए. फडणवीस ने कहा कि अगर सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता 5 जनवरी को जनता के बीच जाएं और 50 लोगों का पंजीकरण करें, तो कुछ ही घंटों में 50 लाख का आंकड़ा हासिल किया जा सकता है.

**दूसरों पर काम न थोपें :** फडणवीस ने कहा कि सभी प्रमुख पदाधिकारियों को सड़क पर उतरकर जनता के बीच जाना चाहिए. इस मौके पर फड़णवीस ने चेतावनी देते हुए कहा कि सिर्फ भाषण देकर दूसरों पर काम न थोपें.

**संरक्षक मंत्री के लिए शिवसेना और भाजपा में होड़ :** दूसरी ओर, मुंबई के संरक्षक मंत्री पद के लिए शिवसेना और भाजपा के बीच प्रतिस्पर्धा है। आने वाले दिनों में मुंबई महानगरपालिका के चुनाव होने वाले हैं. इसलिए, शिवसेना और भाजपा इस बात पर अड़े हैं कि उन्हें मुंबई शहर और उसके उपनगरों में संरक्षक मंत्री का पद मिले. इसलिए यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मुंबई में पालकमंत्री का पद किसके पास होगा.

### अब पालकमंत्री को लेकर महायुति में रस्साकशी

विभागों के बंटवारे के बाद कई मंत्रियों में पालकमंत्री पद के लिए होड़ मच गई है.अब कई मंत्रियों ने अपने-अपने जिलों के पालकमंत्री पद के लिए पैरवी शुरू कर दी है.मंत्री भरत गोगावले ने रायगढ़ जिले के संरक्षक पद का दावा किया है. इसके साथ ही अदिति तटकरे भी रायगढ़ के पालकमंत्री पद की इच्छुक हैं. इसलिए, सबकी नजर इस बात पर है कि बीड में पालकमंत्री धनंजय मुंडे होंगे या पंकजा मुंडे. यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा कि संभाजीनगर में पालकमंत्री का ताज किसे पहनाया जाएगा, संजय शिरसाट या अतुल सावे को.



*अमरावती : क्रिसमस को लेकर कैम्प स्थित चर्च को सजाने का काम शुरू कर दिया गया है. चर्च के बाहर बगीचे में लगे पेड़ों को भी सजाया जा रहा है. चर्च में की गयी विद्युत सज्जा काफी आकर्षक लग रही है.*

*फोटो - जय स्टूडियो, अमरावती.*

### मुंबई में दिल दहला देने वाला हादसा

## 19 साल के किशोर ने 4 साल के बच्चे को कार से कुचला



**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**मुंबई, 22 दिसंबर** - मुंबई में एक दिल दहला देने वाली घटना में एक 4 साल के बच्चे की मौत हो गई. एक तेज रफ्तार की कार ने उसे कुचल दिया. यह हादसा रविवार को मुंबई के एक व्यस्त इलाके वडाला में हुआ. पुलिस ने कार के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है, जो कि सिर्फ 19 साल का है. यह हादसा अंबेडकर कॉलेज के पास हुआ. पुलिस के अनुसार, मृतक बच्चे की पहचान आयुष लक्ष्मण किनवड़े के रूप में हुई है. आरोपी संदीप गोले हुंडई क्रेटा चला रहा था, जब उसने लड़के को टक्कर मारी. वह विले पार्ले का रहने वाला है. अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि दुर्घटना के समय ड्राइवर शराब के नशे में था या नहीं. मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है. **शेष पृष्ठ 2 पर**

# डॉ. देशमुख ने सीवरेज परियोजना के लिए ठोंका केस



- हाईकोर्ट ने स्वीकारी पूर्व पालकमंत्री की जनहित याचिका
- अदालत ने सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाब देने का आदेश दिया
- पिछले पांच वर्षों से ठप पड़ी है पूरी परियोजना
- स्वीकृत कार्यों को भी पूरा कराने में विफल रहे जनप्रतिनिधि और प्रशासन

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 22 दिसंबर** - महाराष्ट्र के छह संभागीय मुख्यालयों में से एक अमरावती शहर के नागरिकों के स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिगत सीवरेज परियोजना का काम पिछले पांच वर्षों से पूरी तरह से ठप पड़ा है. नये फंड या कार्य स्वीकृत करना तो दूर, प्रशासन और जनप्रतिनिधि 2014 से 2019 के बीच स्वीकृत और शुरू किये गये कार्यों को भी पूरा करने में पूरी तरह विफल रहे हैं. परिणामस्वरूप, सोये हुए प्रशासन को जगाने के लिए पूर्व मंत्री डॉ. सुनील देशमुख ने अमरावती शहर के प्रसिद्ध वकील एडवोकेट प्रवीण पाटिल के साथ मिलकर ठप पड़े सरकारी आवासों के मुद्दे पर बॉम्बे उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ में याचिका दायर की है. अमरावती भूमिगत सीवरेज योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार, जल आपूर्ति एवं सीवरेज सचिव, शहरी विकास विभाग सचिव, कार्यकारी अभियंता, महाराष्ट्र के साथ मिलकर काम किया जा रहा है. लाइफ अथॉरिटी और अमरावती नगर निगम के आयुक्त के खिलाफ जनहित याचिका दायर की गई है. याचिका न्यायमूर्ति नितिन सांबरे और न्यायमूर्ति वृषाली जोशी की पीठ ने याचिका स्वीकार कर ली है और प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने का आदेश दिया है. निष्क्रिय जनप्रतिनिधियों व प्रशासन की घोर उदासीनता को देखते हुए डॉ. सुनील ने इस जनहित याचिका के माध्यम से कहा है कि अब वे कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और सरकार को परियोजना पूरी करने के लिए मजबूर करेंगे, **शेष पृष्ठ 2 पर**

**1997 में शुरू हुई की सीवरेज परियोजना :** अमरावती शहर में भूमिगत सीवरेज परियोजना 1997 में शुरू हुई थी. मूल परियोजना का बजट 123 करोड़ रुपये था. लेकिन इसका 66 प्रतिशत या 82 करोड़ रुपये अकेले नगर निगम को ही जुटाना पड़ा. इसके लिए नगर निगम ने अपना हिस्सा जुटाने के लिए हुडको को ऋण प्रस्ताव भेजा था, लेकिन हुडको ने ऋण देने से यह कहते हुए मना कर दिया था कि हुडको की शर्तें पूरी नहीं की जा सकतीं. वर्ष 1999 में डॉ. सुनील देशमुख के अमरावती शहर से विधायक चुने जाने के बाद सरकारी अनुदान और सांविधिक विकास महामंडल से प्राप्त कुल 34 करोड़ रुपए की राशि से योजना का काम आगे बढ़ना शुरू हुआ. इसमें 101 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई. लालखड़ी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जोन क्रमांक 5 और बडनेरा क्षेत्र में पाइपलाइन का काम पूरा हो गया.

### राहुल गांधी आज महाराष्ट्र दौरे पर

**एजेंसी/ प्रतिदिन अखबार**



**परभणी, 22दिसंबर** - लोकसभा में विपक्ष और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सोमवार को महाराष्ट्र के दौरे पर रहेंगे. वो परभणी में हिंसा प्रभावित लोगों से मुलाकात करेंगे . बता दें कि हाल ही में सीएम फडणवीस ने विधानसभा में इस घटना पर बयान दिया था.

### पीएम मोदी का कुवैत दौरा खत्म, दिल्ली लौटे

**एजेंसी/ प्रतिदिन अखबार**

**नई दिल्ली, 22दिसंबर** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुवैत दौरा खत्म हो गया है. पीएम मोदी अपना दौरा पूरा कर थोड़ी देर पहले दिल्ली लौट आए. दौरे पर पीएम मोदी ने कुवैत के अमीर के साथ द्विपक्षीय बैठक की. इससे पहले एक कम्यूनिटी प्रोग्राम में लोगों को संबोधित किया.

### वन्दे भारत एक्सप्रेस का इंजन फेल

**एजेंसी/ प्रतिदिन अखबार**

**जौनपुर, 22दिसंबर** - जौनपुर में लखनऊ से छपरा जाने वाली वन्दे भारत एक्सप्रेस (02270) का इंजन फेल हो गया है. हरपालगंज- करनपुर कुमारपट्टी गॉव के पास ट्रेन शाम 5:15 बजे से खडी थी. दूसरे इंजन की मदद से ट्रेन को हरपालगंज स्टेशन पर ले जाया गया.




*अमरावती: राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को महानुभाव पंथ के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया. कार्यक्रम में अपने संबोधन में मोहन भागवत ने कहा कि धर्म की गलत समझ के कारण दुनिया में सारा जुल्म हुआ है. ऐसे संप्रदाय होने चाहिए जो धर्म को समझाने का काम करें.*

### बाल-बाल बचे शरद पवार

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**परभणी, 22 दिसंबर** - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) सुप्रीमो शरद पवार के काफिले में हादसा हो गया. परभणी के पास उनके काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गईं. हालांकि, इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ. शरद पवार शनिवार को बीड के केज तालुका के मसाजोग गांव के दौरे पर थे. तभी यह हादसा हुआ.शरद पवार परभणी में सरपंच संतोष देशमुख के परिवार से मिलने के लिए निकले थे, तभी रास्ते में काफिले में शामिल एंबुलेंस ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे काफिले में शामिल गाड़ियां आपस में टकरा गईं.



# रेत माफिया पर लगाम कसेगी सरकार

## राजस्व मंत्री हुए सख्त, बोले- हम इसे खत्म करेंगे

**एजेंसी/ प्रतिदिन अखबार**

**नागपुर, 22दिसंबर** - महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री बावनकुले ने मुसीबत बन रहे रेत माफियाओं पर लगाम लगाने तथा जनता के लिए सुलभ रेत नीति लाने की घोषणा की है. उन्होंने रविवार को कहा कि हम देश के दूसरे राज्यों की रेत नीतियों का अध्ययन करेंगे और उसके आधार पर जनता के लिए सुलभ रेत नीति लाएंगे.

**कई कानूनों में संशोधन की जरूरत :** बावनकुले ने आगे कहा कि राज्य में करीब 86 हजार हेक्टेयर जंगल झाड़ियों वाली भूमि की समस्या लंबित है, जिसके कारण कई विकास परियोजनाएं रुकी हुई हैं. ये जमीनें मुख्य रूप से विदर्भ में हैं और इस पर सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है. न्यायालय में पैरवी करके इस समस्या के जल्द से जल्द समाधान का प्रयास करेंगे. इसी तरह किसानों और खेतिहर मजदूरों से जुड़े कई कानूनों में संशोधन की जरूरत है.



**राहुल का परभणी दौरा नौटंकी :** बावनकुले ने लोकसभा में विपक्ष और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के सोमवार को प्रस्तावित परभणी दौरे को नौटंकी करार देते हुए कहा कि परभणी की घटना निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है और घटना का आरोपी एक मनोरोगी है. पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया है और इस संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सदन में सफाई भी दे चुके हैं. लेकिन राहुल सिर्फ राजनीति करने के लिए परभणी का दौरा कर रहे हैं. राहुल गांधी केवल मामले का राजनीतिकरण करने के लिए परभणी का दौरा कर रहे हैं. लेकिन प्रदेश का कोई भी समुदाय उनकी राजनीति का शिकार नहीं होगा. जनता भी कांग्रेस और राहुल गांधी की नौटंकी को समझती है.

# महाराष्ट्र समेत 4 राज्यों में होगी बारिश

## श्रीनगर में पारा -8 डिसे. से नीचे, हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**नई दिल्ली, 22 दिसंबर** - देश में बर्फबारी और तेज सर्दी के साथ मौसम विभाग ने कुछ राज्यों में बारिश का भी अलर्ट जारी किया है. महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश में सोमवार कोबारिश का अलर्ट जारी किया गया है. वहीं, मध्य प्रदेश, राजस्थान में मंगलवार से बारिश होने की संभावना जताई गई है.देश के उत्तरी राज्यों में तेज सर्दी का दौर जारी है. जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में तापमान



0 डिग्री के नीचे बना हुआ है. हिमाचल में बर्फबारी का भी अलर्ट जारी किया गया है. इससे तापमान में और भी ज्यादा गिरावट हो सकती है.पंजाब-हरियाणा में भी शीतलहर के कारण तापमान में गिरावट दर्ज हुई. चंडीगढ़ में तापमान 0.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. वहीं, पंजाब के आदमपुर इलाके में पारा 1.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया.पंजाब में घना कोहरा भी देखने को मिला. अमृतसर, तरनतारन, बठिंडा, लुधियाना और बरनाला में विजिबिलिटी 100 मीटर दर्ज की गई.

**कल 4 राज्यों में घना कोहरा, 2 राज्यों में बारिश :** पंजाब, हरियाणा, असम, मेघालय में घना कोहरा छाया रहेगा. हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में कोल्ड वेव का अलर्ट. दक्षिण के राज्यों (तमिलनाडु, केरल) में हल्की बारिश हो सकती है. कड़ाके की ठंड का दौर खत्म होने के बाद अब मध्यप्रदेश में बारिश का सिस्टम एक्टिव हो रहा है. मौसम विभाग की माने तो 23 दिसंबर से प्रदेश में हल्की बारिश हो सकती है. इससे भोपाल, इंदौर-जबलपुर के साथ उज्जैन और ग्वालियर संभाग भी भींगेंगे.

### 'पुष्पा-2' देखने में मगन था, तभी आ गई पुलिस

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**

**नागपुर, 22 दिसंबर** - नागपुर के एक सिनेमाघर में देर रात पुष्पा-2 फिल्म दिखाई जा रही थी, कि अचानक वहां पुलिस टीम पहुंच गई. फिल्मी अंदाज में एंट्री लेते हुए पुलिस ने एक शख्स का धर दबोचा, फिर उसे गिरफ्तार कर लिया. दरअसल, पुलिस ने व्यक्ति को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि वह ड्रग स्मगलर था. हत्या और मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में फरार चल रहा अपराधी पुष्पा-2 फिल्म देखने में मगन था. तभी पुलिस ने योजना बनाकर फिल्मी अंदाज में उसे गिरफ्तार कर लिया. नागपुर पुलिस की एक टीम ने इस बात की जानकारी दी.

